वन भूमि के अंतरण के लिए मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्ताव

5520. **श्री अरविन्द नेताम** : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वन भूमि के अन्य प्रयोजनों के लिए अन्तरित करने के बारे में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार को कितने मामले भेजे गए और तत्संबंधी पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ख) उनमें से कितने मामलों में सरकार ने अनुमोदन कर दिया है और उन मामलों की संख्या कितनी है जिन्हें अस्वीकार कर दिया गया है और तत्संबंधी पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुछ मामले अभी भी सरकार के बिचारार्थ निलम्बित पड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर कब तक कार्यवाही की जाने का विचार है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री योगेन्द्र मकवाना) : (क) से (घ) 25-10-1980 से, जब वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 लागू हुआ था, 15-3-83 तक मध्य प्रदेश राज्य से वन भूमि का गैर-वानिकी कार्यों के लिए उपयोग करने सम्बन्धी 36 प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। इन मामलों की स्थिति नीचे दी गई है :

(1) स्वीकार किये गये प्रस्ताव	12
(2) रद्द किये गये प्रस्ताव	3
(3) केन्द्रीय सरकार के पास लम्बित प्रस्ताव	13
(4) स्पष्टीकरण के लिए राज्य सरकार को भेजे गए प्रस्ताव	8
कुल	36

इन सभी मामलों के ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 6286/83]

Safeguarding the Forest and Wild Life

5521. SHRI ARVIND NETAM: Will the minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a constitutional obligation to safeguard the forests and wild-life;

(b) whether it is a fact that out of about 23 per cent of the country's total area classified as forests, only 10 per cent is well stocked;

(c) whether it is a fact that forest-dwellers mainly depend on forests for food, fodder, fuelwood, fibre and fertility of their land;

(d) whether National Commission on Agriculture and Report of the Working Group on Tribal Development recommended creations of a "Forest and Wild Life" Department at the Centre; and

(e) if so, action taken in this regard specially when Prime Minister has also desired creation of a nodel agency?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) Yes, Sir.

(b) The Forest Survey of India set up in 1981 is in the process of making reliable assessment of forest cover of the country. According to rough estimates, of the 75 million hec. of forest area about 15 million hec. is estimated to be either treeless or unproductive.

(c) Yes, Sir.

(d) The National Commission on Agriculture recommended setting up of a Department of Forest, (including wild life). However, there was no such re-

commendation in the report of the Working Group on Tribal Development during Sixth Plan (1980—85).

(c) The Department of Agriculture and Cooperation continues to act as a nodel agency concerning forestry matters as these are vitally linked with Soil Conservation and generally with agricultural productivity. The subject of Wild Life has been transferred to the Dapartment of Environment.

कृषि उत्पादों की खपत/आयात-निर्यात

5522. **श्री मूल चन्द डागा : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में खपत के लिए कितने गेहूं, चावल और अन्य खाद्यान्न की आवश्यकता है;

(ख) गत-तीन वर्षों के दौरान वर्ष वार कितना गेहूं, चावल आदि आयात किया गया और उसके लिए कितनी राशि का भुगतान किया गया; और

(ग) वर्ष 1981 से अब तक कुल कितना खाद्यान्न निर्यात किया गया और उससे कुल कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मन्त्रालय के राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) खाद्यान्नों की खपत प्रतिस्थापित खाद्य पदार्थों विशेषकर सब्जियों, दूध और दूध के पदार्थों, मांस, मछली, अण्डे आदि की उपलब्धता, उनके तुलनात्मक मूल्यों, जनसंख्या में वृद्धि, भोजन सम्बन्धी आदतों आदि पर बहुत हद तक निर्भर करती है। इस तथ्य की दृष्टि में, देश में इस समय खाद्यान्नों की खपत का ठीक-ठीक अनुभव लगाना मुश्किल है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान चावल का कोई आयात नहीं हुआ है। जहां तक गेहूं का सम्बन्ध है, अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण-एक में दी गई है।

(ग) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण-दो में दी गई है।

विवरण – एक

पिछले तीन वर्षों के दौरान आयातित गेहूं की मात्रा और मूल्य को बताने वाला विवरण

वर्ष	खरीदे गए गेहूं की मात्रा (लाख मीटरी टन)	अनुमानित मूल्य (जहाज तक निष्प्रभार)
1980-81	—	—
1981-82	15.15 (संयुक्त राज्य अमेरिका से)	262.066 मिलियन यू० एस० डालर
	7.50 (आस्ट्रेलिया से)	118.600 मिलियन आस्ट्रेलियन डालर
1982-83	39.50 (संयुक्त राज्य अमेरिका से)	654.778 मिलियन यू० एस० डालर